**अधिवेशन** बीएसएनएल ने सुविधाओं में बढ़ोतरी तो की पर कंपनी को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा: महक सिंह

# बीएसएनएल की सुविधाएं डोर टू डोर पहुंचाएं

भास्कर न्यूज़ | जगदलपुर

लगातार घाटे से जूझ रही बीएसएनएल को उबारने के लिए हरसंभव कर्मचारियों को करनी होगी, इसमें ही उनका भला है। प्राइवेट कंपनियों को टक्कर देने और मुनाफा कमाने के लिए बीएसएनएल ने सुविधाओं में बढ़ोतरी तो की है पर कंपनी को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है।

इसका खामियाजा कंपनी को आर्थिक तौर पर भुगतना पड़ रहा है। ये बातें छत्तीसगढ़ दूरसंचार परिमंडल के मुख्य प्रबंधक महक सिंह ने छत्तीसगढ़ परिमंडल के 4थे अधिवेशन में कही। उन्होंने कहा कि कंपनी टावर के सफल संचालन के लिए इसे प्राइवेट कंपनियों को देने की योजना बना रही है जिसका विरोध परिमंडल कर रहा है।

महासचिव चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि कंपनी रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ग्राहकों को फ्री नाइट कालिंग व इनकमिंग कॉल में रोमिंग दे रही है जिसका फायदा इस समय हजारों ग्राहक ले रहे हैं।

ब्रॉडबैंड कनेक्शनों की मांग को देखते हुए इसके विस्तार को लेकर योजना तैयार की जा रही है। इस मौके पर उप परिमंडल के अध्यक्ष रामसुंदर, एसएम चितम्बर, एसबी साहू, एके गजबीर, त्रिभुवन सिंह, टीआरसी राव, एके त्रिपाठी व अन्य कर्मचारी पदाधिकारी मौजूद थे।




जगदलपुर. अधिवेशन में जानकारी देते पदाधिकारी